# उपजोन स्तरीय साधना अनुष्ठान संकल्प प्रशिक्षण और जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। अखिल विश्व गायत्री परिवार गायत्री शक्तिपीठ मधुवन कालोनी छिंदवाड़ा के तत्वावधान में गायत्री शक्तिपीठ के युग ऋषि सभागार में उपजोंन स्तरीय साधना प्रशिक्षण एवं जिला स्तरीय कन्या किशोर कौशल कार्यशाला का शुभारंभ देवमंच पर स्थापित दीपक का प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ उपजोन समन्वयक दिनेश देशमुख, कन्या किशोर कौशल अभिवर्धन अभियान उपजोन कार्यवाहक किशोर किनकर, सह कार्यवाहक श्रीमती अनीता राउत, गायत्री परिवार सिवनी के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं प्रबंध ट्रस्टी सुंदरलाल बघेल, छिंदवाड़ा जिला के जिला समन्वयक अशोक कावड़े, गायत्री शक्तिपीठ के प्रबंध ट्रस्टी अशोक माहोरे, उपजोंन साधना अभियान प्रभारी नरेन्द्र हिंगवे, पूर्व प्रबंध ट्रस्टी गायत्री शक्तिपीठ छिंदवाड़ा शिवनारायण साहू, उपजोन प्रशिक्षिका ज्ञानेश्वरी बिसेन के द्वारा दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट, बैतूल






के सभी जिला समन्वयकगण, तहसील समन्वयकगण, संस्थान प्रमुख गण, साधना प्रभारी की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

मीडिया प्रभारी अरुण पराड़कर ने बताया कि कार्यक्रम के शुभारंभ के साथ गुरुदेव द्वारा अपने अंग अवयव के नाम संदेश अपने अंग अवयव का वाचन ज्ञानेश्वरी बिसेन बहन द्वारा किया गया जिसके पश्चात सह कार्यवाहक अनीता राउत द्वारा 5 जिले के कार्यक्रम की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत कि गई।

इसके पश्चात कन्या/किशोर कौशल कार्यशाला के उपजोंन कार्यवाहक किशोर किनकर द्वारा अपने वक्तव्य में सभी का श्रद्धा संवर्धन कर कन्या/किशोर कौशल की आवश्यकता और उद्देश्य पर प्रकाश डाला गया। शिविरों के माध्यम से युवा पीढी को आज के समय में राष्ट्र को जागृत और उज्वल भविष्य की रचना के लिए कन्या, किशोर कौशल अभिवर्धन अभियान व्यक्तित्व, आध्यात्मिक महत्व, संस्कार के ढांचे में डालने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए हमें वर्तमान और भावी पीढ़ी को संस्कारित करने की आवश्यकता है।

उपजोंन स्तरीय साधना प्रभारी नरेन्द्र हिंगवे द्वारा बताया कि आज विश्व कल्याण की भावना रखते हुए आगामी गुरु पूर्णिमा 10 जुलाई से 20 अगस्त 2025 तक मातृशक्ति साधना पुरश्चरण के अंतर्गत 40 दिवसीय अनुष्ठान प्रस्तावित हैं, जिसके लिए उपजोन स्तरीय छिंदवाड़ा के 5100 साधकों का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें प्रत्येक जिला स्तर पर 1008 साधको का लक्ष्य हैं।

इस हेतु कार्ययोजना एवं संकल्प लेकर जाने हेतु प्रेरित किया गया। छिंदवाड़ा उपजोंन के समन्वयक दिनेश देशमुख द्वारा अखंड दीप एवं मातृशक्ति जन्म शताब्दी को ध्यान में रखते हुए विभिन्न कार्यक्रम चलाएं जा रहे है। उनको पूरा करने के लिए शांतिकुंज का आव्हान है इसे पूरा करके हम अपने आपको धन्य बनाने का अवसर है। कार्यक्रम का सफल संचालन उदयचंद नागवंशी ने किया। कार्यक्रम में आए सभी परिजनों के भोजन की व्यवस्था जे.पी. साहू द्वारा किया गया।



## आम आदमी पार्टी की बैठक आयोजित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आम आदमी पार्टी छिंदवाड़ा जिला इकाई के नेतृत्व में आज समस्त पदाधिकारी की उपस्थिति में आज 29 जून दिन रविवार को पार्टी कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें पार्टी हित के लिए समस्त 48 वार्डो में वार्ड अध्यक्षों की नियुक्ति पर विचार विमर्श कर विधानसभा प्रभारी के नाम पर विचार विमर्श किया गया एवं सर्व सम्मति से जल्द ही सभी विधानसभा अध्यक्षों के नाम एवं वार्ड अध्यक्षों के नाम घोषित किए जाएंगे और वार्ड अध्यक्षों के नाम की घोषणा कर पार्टी का विस्तार किया जायेगा।

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष ओबीसी विंग एवं जिला प्रभारी वीरेन्द्र विश्वकर्मा, प्रदेश सचिव ओबीसी विंग एवं पॉढुर्णा जिला प्रभारी अशोक विश्वकर्मा सहित पार्टी के जिलाध्यक्ष राजू पाण्डे, जिला सचिव दीपक पवार, शिक्षा प्रकोष्ठ जिला अध्यज सूरज मौर्य, मतीन अंसारी, दीपक बंदेवार, पूर्व ओबीसी विंग जिला अध्यक्ष अमरवाड़ा विधानसभा से राहुल चांदपुरिया, हरिप्रसाद बेलवंशी उपस्थित रहे।

### सार-समाचार

## बरारिया सरपंच के खिलाफ ग्रामीणों ने सौंपा का ज्ञापन

**परासिया, देशबन्धु।** बरारिया में नाली के विवाद को लेकर रविवार को दो परिवार के बीच में मारपीट हुई। न्यूटन पुलिस ने दोनों पक्षों के लोगों पर काउंटर केस दर्ज किया है। वहीं आज विवाद को लेकर ग्रामीणों ने तहसीलदार को ज्ञापन देकर गांव के सरपंच एवं उसके पुत्र तथा बहू के खिलाफ पुलिस में झूठी शिकायत कर मामला दर्ज करने को लेकर कार्यवाही करने की मांग की। ज्ञापन में कहां गया है कि सरपंच के द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर दुकान बनाई गई है जिसमें उसके पुत्र के द्वारा अवैध रूप से शराब बेची जा रही है। इस मामले का जब पवन डेहरिया के द्वारा विरोध किया गया तो सरपंच एवं उसके पुत्र किशन कहार के द्वारा मारपीट की गई। मामले को लेकर सरपंच ने अपनी बहू से चार लोगों के खिलाफ झूठी रिपोर्ट दर्ज कराई है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने अतिक्रमण हटाने एवं अवैध व्यवसाय को बंद करने की मांग की है। ज्ञापन देते समय संगीता डेहरिया, रिंकी राय, शिवम राय, निहाल राय, अनिकेत राय, वीरू प्रसाद डेहरिया, सौरभ तिवारी, सतीश डेहरिया, सिद्धार्थ राय, अमनदीप डेहरिया आदि उपस्थित थे।

## जाटा छापर बस्ती में नल जल योजना प्रारंभ

**परासिया, देशबन्धु।** ग्राम पंचायत जाटा छापर बस्ती में वार्ड क्रमांक 1 से 6 तक पेंच नदी के कुएं से पानी सप्लाई किया जाता था देश की आजादी के बाद पहली बार जनपद उपाध्यक्ष जमील खान के अथक प्रयासों से 15वां वित्त की राशि से 6 लख रुपए की लागत से पाइपलाइन बिछा कर पीएचई पानी सप्लाई करने का लोकार्पण किया गया इसमें संपूर्ण जाटाछापर बस्ती के वार्ड बिजली घाट के वार्ड में अब नियमित शुद्ध पानी प्रदान किया जाएगा, ग्राम वासियों में बहुत हर्ष का माहौल है कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष जमील खान, सरपंच नरेंद्र धुर्वे, उप सरपंच दाददू सिंह राय, पंच शिवनाथ राय, मुरारी राय, श्याम सुंदर, जमुना यदुवंशी, पदम सिंह राय, संतोष राय, गजानंद यदुवंशी, प्रमोद भार्गव, हेमराज सूर्यवंशी, सुनील सूर्यवंशी, भीष्म राय, नरेंद्र यदुवंशी, संजय राय, पप्पू राय, रमेश राय सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। समस्त ग्राम वासियों ने जनपद उपाध्यक्ष जमील खान, सरपंच नरेंद्र धुर्वे, उपसरपंच दाददू सिंह राय एवं समस्त पंच गनों का आभार माना।

## परासिया पेंच एवं कान्हान में संयुक्त मोर्चा की बैठक में राष्ट्रव्यापी आंदोलन की बनी रूप रेखा

**परासिया, देशबन्धु।** परासिया इंटक कार्यालय में कल 29 जून 2025 को 12 बजे दोपहर रा.को.ख.म.संघ (इंटक) कार्यालय चांदामेटा में संयुक्त मोर्चा की मीटिंग हुई, जिसमें 09 जुलाई 2025 को किये जाने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने के लिये उपस्थित संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों द्वारा अपील की गई।

अखिल भारतीय केन्द्रीय श्रम संगठनों के संयुक्त आव्हान पर 05 मई 2025 को रांची में कोल उद्योग के चारों मजदूर संगठनों का कन्वेंन्शन हुआ। कन्वेंन्शन द्वारा अनुमोदित विषयों पर 07 मई 2025 को वेकोलि में कार्यरत श्रमिक संगठनों के केन्द्रीय प्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से 27 जून 2025 को बैठक हुई जिसमें 09 जुलाई 2025 दिन बुधवार को एक दिवसीय हड़ताल करने का निर्णय लिया गया, जिसमें सम्पूर्ण भारत के समस्त केन्द्रीय संगठन सम्मिलित होंगे। साथ ही वे.को.लि. में कार्यरत श्रमिक संगठन इंटक, एचएमएस, एटक, सीटू श्रमिक संगठन सम्मिलित होकर 26 सूत्रीय मांगों को लेकर 09 जुलाई 2025 को हड़ताल पर रहेंगें। इस संबंध में पेंच कन्हान-पाथाखेड़ा संयुक्त मोर्चा का कन्वेंसन 04 जुलाई 2025 को कन्हान क्षेत्र के डायरेक्टर बंगला विश्राम गृह के हॉल में किया जायेगा। साथ ही वेकोलि के पेंच-कन्हान-पाथाखेड़ा के कामगार अपनी-अपनी इकाईयों पर 05 जुलाई 2025 से 08 जुलाई 2025 तक गेट मिटिंग के माध्यम से कामगारों को हड़ताल से संबंधित मॉग-पत्र पर अवगत कराया जायेगा एवं 09 जुलाई 2025 को संयुक्त मोर्चा इंटक, एचएमएस, एटक, सीटू के पदाधिकारी/कार्यकर्ता श्री श्री सिद्धेश्वरी मंदिर स्टेशन रोड परासिया के पास एकत्र होकर रैली के माध्यम से शांतिपूर्ण तरीके से एस.डी.एम. परासिया को ज्ञापन सौंपेंगे। मिटिंग में पदाधिकारी उपस्थित रहे सर्वप्रथम सोहनलाल बाल्मीक विधायकद्ध अध्यक्ष इंटक रीजनल, भगवानदीन यादव, मदन जंघेला, मनोज तिवारी, सुखराम सरेयाम, कैलाश चंद्र यादव, अलाउद्दीन खान, दीपक नागले, अरविन्द यादव, अलीम, अमरनाथ, मार्कन्डे मिश्रा, साबिर खान, कमल सिंह राठौर आदि।

## कांग्रेस सेवादल ने शहीद स्मारक में झंडावंदन कर शहीदों को याद किया



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष सुरेश कपाले ने बताया कि आज कांग्रेस सेवादल के द्वारा शहीद स्मारक पर माह के अंतिम रविवार 29 जून 2025 को परंपरा अनुसार देश की स्वतंत्रता पर अपने प्राण न्यौछावर करने वाले शहीदों को याद करने के उद्देश्य से झंडा वंदन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस सेवादल के समन्वयक एवं अनुशासन समिति के अध्यक्ष दीपक वाजपेई एवं कांग्रेस सेवादल के यंग बिग्रेड के विधानसभा अध्यक्ष पप्पू पाल की उपस्थिति में झंडावंदन किया गया।

इस अवसर पर संबोधित करते हुये दीपक वाजपेई एवं पप्पू पाल ने कहा कि यह परंपरा देश की बहुत पुरानी परंपरा है और इस परंपरा को 1929 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के द्वारा प्रारंभ किया गय था। देश की आजादी के उपरांत भी कांग्रेस सेवादल के द्वारा इस परंपरा को निभाया जा रहा है, यह गर्व की बात है। माह के अंतिम रविवार को कांग्रेस सेवादल द्वारा शहीद स्मारक पर झंडावंदन किये जाने का मुख्य उद्देश्य शहीदों को याद करना है और उन्होनें अपने बयान में आगे कहा कि आने वाले बारिश के मौसम में पर्यावरण को दुरूस्त करने के लिये कांग्रेस सेवादल जिले भर में वृक्षारोपण अभियान चलाकर पर्यावरण को बनाये रखने का कार्य प्रारंभ किया जायेगा। जिसमें सर्व सुरेश कपाले, राकेश मरकाम, बलराम सिंह चैहान सहित कांग्रेस सेवादल के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित होकर झंडावंदन कार्यक्रम में भाग लिया।

## पुलिस ने कॉम्बिंग गशत में गुंडे-बदमाशों और वारंटियों को किया गिरफ्तार



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रदेश स्तरीय रात्रि काम्बिंग गश्त के संबंध में पुलिस मुख्यालय भोपाल म.प्र. द्वारा दिये गये निर्देशानुसार जिले में अवैध गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियो की निरंतर धरपकड़ व अवैध कार्यो में संलिप्त व्यक्तियों/ अपराधियों तथा अपराधों पर अंकुश लगाने व जिले में कानून व्यवस्था बनाये रखने व आदतन अपराधियों पर शिकंजा कसने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा अजय पांडे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता के द्वारा विशेष ऑपरेशन चलाकर निरंतर कार्यवाही करने के निर्देश पर छिंदवाड़ा में गत 28-29 जून 2025 को रात्रि में शहर व देहात के थाना क्षेत्रो पर कॉम्बिंग ऑपरेशन के दौरान कॉम्बिंग गस्त अनुभागवार पुलिस बल को अलग-अलग स्थानो पर एकत्रित किया जाकर राजपत्रित अधिकारियों द्वारा पुलिस बल को ब्रीफ किया गया उसके बाद अलग-अलग क्षेत्रो में कॉम्बिंग गस्त के लिये रवाना किया गया।

पुलिस टीम द्वारा स्थायी गिरफ्तारी वारंटियो की धरपकड़ हेतु प्रत्येक थाने में अलग-अलग पुलिस टीम तैयार कर वारंटियो की गिरफ्तारी हेतु मुखबिर तंत्र सक्रिय कर तकनीकी शाखा सायबर सेल के सहयोग एवं नाकाबंदी दबिश देकर एक ही रात्रि में औचक नाईट कामिबंग ऑपरेशन चलाकर 24 स्थायी व 93 गिरफ्तारी, इस प्रकार कुल 117 वारंटियो को दबिश/घेराबंदी/ नाकाबंदी कर गिरफ्तार किया गया, सभी गिरफ्तारशुदा वारंटियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जाता हैं।

जिलें में सर्वाधिक वारंट की तामीली के क्रम में नगर पुलिस अधीक्षक अजय राणा के नेतृत्व में थाना कोतवाली द्वारा कांबिग गस्त के दौरान लगातार टीम गठित कर सर्वाधिक वारंट तामील किया गया, जिसमें 02 स्थायी व 15 गिरफ्तारी, कुल 17 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अमरवाडा रविन्द्र मिश्रा के नेतृत्व में थाना अमरवाड़ा में 03 स्थायी व 08 गिरफ्तारी, कुल 11 वारंटियो को गिरफ्तार किया गया तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) चौरई श्रीमति भारती जाट के नेतृत्व में थाना चौरई द्वारा गठित टीम ने 01 स्थायी व 13 गिरफ्तारी, कुल 14 वारंटियो को गिरफ्तार किया गया तथा पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्वाधिक वारंट तामीली एवं स्थायी वारंट तामील करने वाली पुलिस टीम को पुरुष्कृत करने की घोषणा की गई हैं।

आपराधिक गतिविधियो में संलिप्त व्यक्तियों/जिले के गुंडा निगरानी बदमाश, जिला बदर के अपराधियों, जेल से रिहा आरोपियों, कबाड़ियो को काम्बिंग ऑपरेशन के दौरान पुलिस टीम द्वारा सघनता से चेक किया गया व गुम इंसानो (व्यक्तियों) की दस्तयाबी की गई, जिसमें 132 गुंडा बदमाश, 78 निगरानी बदमाश, 03 जेल से रिहा, 01 जिला बदर के आरोपियों, 47 कबाड़ियो को चेक कर थाना रिकार्ड में इंद्राज किया गया तथा थाना क्षेत्र में विगत दिनो गुम हुए व्यक्तियों को पुलिस टीम द्वारा तलाश की गई जिसमें 06 गुम इंसान को दस्तयाब किया गया, अवैध शराब की तस्करी/ खुले स्थान में शराब पीने वाले 26 व्यक्तियों से 190 लीटर अवैध शराब जप्त कर आरोपीयों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत प्रभावी कार्यवाही की गई।

पुलिस टीमों द्वारा इस अभियान के दौरान कई सक्रिय बदमाशो के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी की गई साथ ही गुण्डों एवं हिस्ट्रीशीटरों के रिकार्ड को अपडेट किया गया। शहर व देहात क्षेत्र की गली मोहल्लो में घूमकर पुलिस ने गुण्डे बदमाश, जेल से रिहा आरोपियो की धरपकड़ की। पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा द्वारा जिले में कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से यह कॉम्बिंग ऑपरेशन जारी हैं। पुलिस टीमों द्वारा गुण्डो एवं बदमाशों के घर-घर जाकर उनकी जानकारी ली गई, चैकिंग के दौरान प्रत्येक गुण्डा, बदमाश को चेतावनी भी दी गई कि यदि वह किसी भी आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता हैं तो उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। जेल से रिहा होकर आये आरोपियो को भी चेक किया गया। अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से छिंदवाड़ा पुलिस द्वारा की गई यह कार्यवाही लगातार जारी हैं।

## बैडमिंटन खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देकर कोच व अंपायर बनने के दिए सुझाव



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला बैडमिंटन संघ द्वारा एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जिले के सीनियर खिलाड़ियों के लिए आयोजित किया गया जिसमें मुख्य प्रशिक्षक जावेद खान, विनय सिंह चंदेल व अशफ़ाक खान द्वारा वरिष्ठ खिलाड़ियों को रोजगार के अवसर प्राप्त करने हेतु खिलाड़ियों को अंपायरिंग व कुशल प्रशिक्षक बनने के गुर सिखाते हुए मार्गदर्शन एवं सुझाव दिए गए साथ ही बैडमिंटन खेल के नए नियमों से सभी को अवगत कराया गया।

उल्लेखनीय है कि निर्णायक एवं कोच के रूप में अपनी सेवाएं देने वाले सीनियर्स को उच्च स्तरीय मानदेय आर्थिक आय व लाभ प्राप्त हो रहा है जिससे उनके स्वरोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे है एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं कार्यशाला में अश्वंत मार्को, निकुंज डेहरिया, पार्थ चौकसे, वैभव वाडिवा, अभिनव साहू, भविष्य सूर्यवंशी, भाविक धुर्वे, महिमा यादव, लक्ष्मी मार्को, निष्ठा डेहरिया, जानवी विश्वकर्मा, जिया राजपूत, तनिषा, अंकिता सिंह प्रमुखता से उपस्थित थे आयोजक जावेद खान ने बताया कि इस आयोजन से आगामी प्रतियोगिताओं के लिए खिलाड़ियों को निर्णायक व प्रशिक्षक के रूप में तैयार किया जा रहा है जिससे उनको आर्थिक लाभ होगा और रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

## दो वाहनों की टक्कर में पलटी एम्बुलेंस हुई क्षतिग्रस्त

### पूर्व में इसी जगह एक घटित दुर्घटना में एक की मौत हो चुकी है

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नागपुर रोड स्थित सिद्धेश्वर मंदिर सिमरिया हनुमान मंदिर के पास रविवार को सड़क हादसा हो गया। हनुमान मंदिर सिमरिया के सामने दोपहर करीब 12 बजे हादसा हुआ। जिसमें तीन गाड़िया आपस में टकरा गई। तेज रफ्तार एसयूवी ने पिकअप वाहन को टक्कर मार दी, जिसमें पिकअप का संतुलन बिगड़ गया और सामने से आ रही एंबुलेंस से टकरा गई। हादसे के बाद एंबुलेंस सड़क पर पलट गई। जानकारी के अनुसार नागपुर से आ रही कार एम.एच.-49 बी.के. -0400 ने पीछे से पिकअप एम.एच. 49 बी.जेड.-1985 को टक्कर मारी दी जिससे पिकअप बेकाबू होकर छिंदवाड़ा की ओर आ रही एंबुलेंस सी.जी.-04- एन.डब्ल्यू.-2357 से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि एंबुलेंस सड़क पर पलट गई। गनीमत यह रही कि उस वक्त एंबुलेंस में कोई मरीज नहीं था। एंबुलेंस का पायलट घायल हुआ है, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है जो खतरे से बाहर है।

फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि छिंदवाड़ा की ओर से तेज रफ्तार सब्जी भरे पिकअप गाड़ी आ रही थी, ओवरटेक करने के कारण हादसा हुआ। मौके पर उमरानाला चौकी समस्त स्टाफ सहित पहुचकर कार्यवाही की।



## सांसद बंटी विवेक साहू ने 411 किमी की पदयात्रा के चौथे दिन पांढुर्णा के अनेक ग्रामों में किया भ्रमण

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू द्वारा अपने चौथे संकल्प को पूरा करने के लिए निकाली गई 14 दिवसीय छिंदवाड़ा से लेकर खंडवा तक की 411 किलोमीटर की पदयात्रा को बड़ी संख्या में लोगों का जनसमर्थन मिल रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों से होकर गुजर रही पदयात्रा के दौरान सैंकड़ों की संख्या में पदयात्री यात्रा में शामिल हो रहे है। सांसद श्री साहू ने अपने चौथे दिन की पदयात्रा के दौरान पांढुर्णा जिले के कई ग्रामीण क्षेत्रों सहित पांढुर्णा शहर के विभिन्न वार्डो में भी पदयात्रा करते हुए कन्याओं, वृध्दजनों एवं माताओं का आर्शीवाद लिया। पदयात्रा के दौरान ही सांसद श्री साहू ने बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात के कार्यक्रम में शामिल होकर मन की बात के कार्यक्रम को सुना और देखा।






सांसद श्री साहू की चौथे दिन की पदयात्रा के दौरान भारी बारिश भी होती रही लेकिन भारी बारिश के बीच भी सांसद सहित पदयात्रियों का हौसला, उत्साह और उमंग इतना था कि उनके कदम नहीं रूके। धूनीवाले के दादाजी धाम खंडवा पहुंचने की चाह पदयात्रियों के कदम को आगे बढ़ाते गई। दादाजी धूनीवाले के जयकारों और भजनों के साथ पदयात्रा निरंतर आगे बढ़ रही है। विदित हो कि सांसद श्री साहू ने अपनी 14 दिवसीय पदयात्रा की शुरूआत 26 जून को छिंदवाड़ा से की थी। पदयात्रा के दौरान सांसद श्री साहू एवं पदयात्रियों द्वारा सुबह और शाम को पदयात्रा के साथ चल रहे रथ में रखे मां नर्मदा के जल कलश की पूजा अर्चन और आरती की जा रही है।

**सांसद मन की बात के कार्यक्रम में हुए शामिल–** सांसद बंटी विवेक साहू अपनी पदयात्रा के दौरान ही 29 जून रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम में शामिल हुए। मन की बात कार्यक्रम का आयोजन पांढुर्णा जिले के तीगांव मंडल के ग्राम जूनावानी में किया गया था। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने रेडियो कार्यक्रम के 123वें एपिसोड में योग दिवस का जिक्र किया है और योग दिवस की थीम को लेकर भी चर्चा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार की थीम भी बहुत खास थी, एक पृथ्वी– एक स्वास्थ्य ये सिर्फ एक नारा नहीं है, ये एक दिशा है जो हमें वसुधैव कुटुंबकम का एहसास कराती है। इंटरनेशनल योग दिवस लगातार भव्य होता जा रहा है।

उन्होंने इमरजेंसी लेकर भी चर्चा और कहा कि इमरजेंसी में लोकतंत्र की हत्या की गई और भारत के लोगों को परेशान किया गया। आपातकाल लगाने वालों ने ना सिर्फ हमारे संविधान की हत्या की बल्कि उनका इरादा न्यायपालिका को भी अपना गुलाम बनाए रखने का था। इस दौरान लोगों को बड़े पैमाने पर प्रताड़ित किया गया था। ऐसे अनेक उदाहरण हैं, जिन्हें कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में धार्मिक यात्राओं को लेकर कहा कि कैलाश मानसरोवर यात्रा की शुरुआत हुई है। हिंदू, जैन और बौद्ध हर परंपरा को कैलाश मानसरोवर को पवित्र माना गया है। अभी हमने भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा देखी। ये यात्राएं एक भारत, श्रेष्ठ भारत का प्रतिबिंब हैं। सांसद श्री साहू प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में लगातार शामिल हो रहे है।



## संत निरंकारी मंडल ने किया रक्तदान शिविर

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कल 29 जून 2025 दिन रविवार को सद्गुरु माता सुदीक्षा जी की असीम कृपा से संत निरंकारी मंडल शाखा छिंदवाड़ा द्वारा 12 वें विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन सिंधु भवन, मोहन नगर छिंदवाड़ा में किया गया गया जिसमें बड़ी संख्या में निरंकारी मिशन के अनुयाइयों ने 80 यूनिट रक्तदान किया ।

## सार-समाचार

### समाजसेवी दयानंद चौरसिया ने परासिया रोड में हुए गड्ढ़ों को भरा



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आज समाजसेवी दयानंद चैरसिया ने भरी बारिस में सड़क पर उतरकर परासिया रोड सूर्या के लाज के सामने के गड्डे भरे वही मान सरोवर बस स्टेण्ड स्थित सिगनल के पास स्थित टायर पंचर की दुकान के सामने जहॉ से प्रतिदिन हजारों की संख्या में वाहन रूकते एवं निकलते हैं और यहॉ स्थित गड्डो के कारण हमेशा दुर्घटना होते देखी गई है इस स्थान के गड्डे को भरा।

दयानंद ने बताया कि उन्होनें बस स्टेण्ड मान सरोवर के सामने पूर्व में कई बार इन गड्डो को भरकर प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया बावजूद प्रशासन नहीं चेता आखिरकार उन्होनें पुन: इस गड्डे को भरकर एक ओर तो होने वाली दुर्घटनाओं से लोगों को राहत दिलाने का कार्य तो किया ही वहीं प्रशासन का ध्यान इस ओर पुन: आकर्षित कराया है, और बारिस को देखते हुये इन गड्डो को भरने की मांग की है जिससे आम जनता को कुछ हद तक राहत मिले ।

### एडीपीसी गिरीश शर्मा हो सकते हैं उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** खबर है कि गिरीश शर्मा जो वर्ममान में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में ए.डी.पी.सी. के पद पर पदस्थ है उनका नाम उत्कृष्ट विद्यालय छिन्दवाड़ा में प्राचार्य के रूप में चल रहा है। हालाकि गिरिश शर्मा ने वर्तमान पद ए.डी.पी.सी. की परीक्षाऐं भी दी है यदि पास नहीं हुए तो उत्कृष्ट विद्यालय में प्राचार्य बनना लगभग तय है। हालाकि दूसरी ओर वर्तमान प्राचार्य अवदूत काले की अनुशंसा कार्यकाल बढ़ाने के लिए शासन स्तर पर भेजी गई है परंतु अनुशंसा होने पर ही वे प्राचार्य के पद पर रहेंगे अन्यथा 31 जुलाई को सेवानिवृत्त हो जायेंगे।

बताया जाता है कि उत्कृष्ट विद्यालय के सभी शिक्षक और सभी छात्र, छात्राऐं चाहते है कि प्राचार्य अवदूत काले का कार्यकाल दो साल के लिए बढ़ाया जाऐं तो विद्यालय का विकास और बौद्धिक विकास दोनों होगा। शिक्षक वर्ग अपने आपको उत्कृष्ट विद्यालय में श्री काले के कार्यकाल में सुरक्षित और अच्छा महसूस कर रहा था और यदि इनका कार्यकाल बढ़ा दिया गया तो सभी शिक्षक बेहतर रिजल्ट देने के लिए और अधिक प्रयास करेंगे की संभावना बतायी जा रही है।

### फल के ठेलों के कारण लग रहा जाम

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शहर छिन्दवाड़ा में अतिक्रमण हटाया गया लेकिन वर्तमान सब्जी मंडी जवाहर कन्या शाला से लेकर एम.एल.बी. स्कूल होते हुए गायत्री मार्केट तक रविवार को आम की दुकानों के कारण जाम लग जाता है। यहां पर सब्जी विक्रेता भी अपने स्थानों से उठकर सड़को पर बैठ जाते है जिससे परेशानी होती है और आम के कारण जाम लगता है।



## मां कर्मा जयंती को लेकर साहू समाज की बैठक

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मार्च माह में आयोजित तैलीक समाज की आराध्य देवी मां कर्मा जी के नगर में इस वर्ष स्वर्ण जयंती महोत्सव के महापर्व पर राष्ट्रीय सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया था, जानकारी देते हुए जिला साहू सभा के महासचिव हरीश साहू ने बताया कि युवा समाजसेवी एवं जिले के सांसद विवेक बंटी साहू के मार्गदर्शन में तैलीक समाज के सभी सामाजिक संगठन को एकता भाई बंधुत्व के साथ जिला का एकमात्र आयोजन कराने हेतु मार्ग प्रशस्त किया गया था। दायित्व निभाया। इस विशाल आयोजन की समग्र व्यवस्था हेतु सामाजिक जनों से लगभग 50 लाख रुपए की स्वैच्छिक दान राशि प्राप्त हुई थी जिसक आय व्यय पत्रक जिला साहू सभा छिंदवाड़ा कार्यक्रम के सहयोगी राष्ट्रीय तेली महासंगठन इकाई छिंदवाड़ा के पदाधिकारियों की गरिमा मई उपस्थिति में स्थान अन्नपूर्णा रेस्टोरेंट मे साहू समाज सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेन्द्र साहू की अध्यक्षता में कार्यक्रम कोषाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद साहू द्वारा सम्पूर्ण दस्तावेज के साथ प्रस्तुत किया गया। उपस्थित जनों को आय व्यय पत्रक पश्चात बचत राशि सामाजिक साहू समाज मंगल भवन के निर्माण कार्य में उपयोग की जाएगी इसी अनुबंध अनुसार कार्यक्रम की बचत राशि 3 लाख 12 हजार 6 सौ 28 रुपए राशि साहू भवन निर्माण हेतु राष्ट्रीय तेली महासंगठन के समस्त पदाधिकारियों ने सहर्ष स्वीकृति प्रदान कर जिला साहू सभा से अपना व्यवहार निभाया।

बैठक के अंत में जिला अध्यक्ष कलीराम साहू, तेली संगठन अध्यक्ष अशोक साहू द्वारा कार्यक्रम के सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर



दशहरा मैदान में आयोजित इस भव्य आयोजन में लगभग देश प्रदेश से 35 हजार से अधिक सामाजिक जनों की उपस्थिति में सामूहिक विवाह में 38 नव युगलों का विवाह सामाजिक रीति रिवाज वेद मंत्रों से कराकर संगठन ने सामाजिक पढ़कर सुनाया गया, भव्य आयोजन के पूर्व एक विशेष बैठक जिला साहू सभा छिंदवाड़ा द्वारा आयोजित की गई थी जिसमें सहयोगी राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन से आपसी सहमति व अनुबंध किया गया था कि कार्यक्रम गणेश साहू, सोनू साहू, मोहित साहू, संतोष साहू, नरबदा साहू, पूनम साहू, हेमंत राजू साहू, सुभाष साहू, मोहन साहू, राम मोहन साहू, विक्की साहू, राहुल साहू, शुभम साहू, टिंकू साहू, दीमाक चंद साहू आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने भाजपा नेता एवं कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का 123 वां संस्करण जिला भाजपा कार्यालय में देखा।

कार्यक्रम उपरान्त भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की सफ्लता, देश–विदेश में बने कीर्तिमानों और आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की हत्या जैसे काले अध्याय पर उन्होंने अपने विचार साझा किए साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह भी बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत को ट्रेकोमा मुक्त देश घोषित किया है और अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन टीएलओ की रिपोर्ट के अनुसार भारत की 64 प्रतिशत आबादी को सरकार की किसी ना किसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ मिल रहा है। यह वास्तव में भारत में मोदी सरकार द्वारा सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की दिशा में उठाए गए ठोस कदमों का प्रमाण है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात में देश के विभिन्न जिलों में सामान्य व्यक्तियों के असाधारण कार्यों को बताते हैं, जिससे नवाचार का प्रचार प्रसार होता है। इन नवाचारों की जानकारी से लोगों को ऐसे नवाचार करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यही प्रेरणा विकसित भारत की संकल्पना को साकार करेगी।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव के साथ पूर्व नगर निगम अध्यक्ष धर्मेन्द्र मिगलानी, जिला कोषाध्यक्ष अनिल गुप्ता, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा, जिला सह मीडिया प्रभारी विक्रम सोनी, भाजपा आई टी सेल जिला संयोजक दीपक कोल्हे, अलकेश साव, संतोष तिवारी, ग्रामीण मंडल उपाध्यक्ष दिव्यकांत यादव, मनोज चौरे, विकास राय, दिन्शु यादव, सूरज पटेल, लवकेश यादव, भानू मालवी, मोनू ठाकरे, मनोज मंडराह, कमलेश ठाकरे सहित कार्यकर्तागण उपस्थित रहे और उन्होंने मन की बात कार्यक्रम को सुना।

## दीपक खंडेलवाल को डायनमिक क्लब प्रेसिडेंट से किया गया सम्मानित



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** रोटरी क्लब ऑफ छिंदवाड़ा को इस वर्ष इंदौर में आयोजित 3040 के रोटरी अवार्ड सेरेमनी में सभी सेवा भावी कार्यों के लिए अनेकों अवार्ड से नवाजा गया।

इंदौर में आयोजित अवार्ड सेरेमनी में वर्ष 2024–25 के लिए रोटरी क्लब छिंदवाड़ा के अध्यक्ष दीपक खंडेलवाल एवम सचिव आशीष जैन ने शिरकत की जिन्हे 3040 के डिस्टिक गवर्नर रोटे. असीम मलिक एवम अन्य 3040 के पदाधिकारियों के हस्ते क्लब अध्यक्ष दीपक खंडेलवाल एवम क्लब सचिव आशीष जैन को 100 दिन लगातार स्वस्थ शिविर से सक्रिय योगदान एवम शिविर लगाने के लिए बेस्ट हेल्थ कैंप राहत का अवार्ड प्रदान किया गया, इसके साथ ही रोटरी मैजिक मेकर, मेंबरशिप ग्रोथ, डायनामिक प्रेसिडेंट अवार्ड, बेस्ट वर्किंग अवार्ड, एनवायरमेंट एवम पौधारोपण, रक्तदान, एजुकेशन एवम साक्षरता, कम्यूनिटी सर्विस, रोटरी पब्लिक इमेज एवम आउटरीच अवार्ड सहित सभी क्षेत्रों में सक्रिय योगदान के लिए अन्य पुरस्कारों से नवाजा गया।

रोटरी क्लब के अध्यक्ष दीपक खंडेलवाल ने बताया की यह सभी अवार्ड वर्ष 2024–25में बेस्ट रोटरी क्लब के कार्यों के लिए दिया गया है जिसमे क्लब अध्यक्ष सहित सचिव आशीष जैन, कोषाध्यक्ष संजय जैन सहित पूरी रोटरी टीम के सक्रिय सहयोग से सेवा भावी कार्यों के लिए हम सभी को इतने सारे रोटरी पुरस्कार से नवाजा गया है मैं अपने सभी रोटरी मेंबर्स का धन्यवाद भी ज्ञापित करता हूं जिन्होंने वर्ष भर सक्रियता के साथ सहयोग प्रदान किया और जिनके सहयोग से ही सभी कार्यो को पूरे वर्ष भर चलाने में हम सभी कामया हुए।

## मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक खजरी में एनसीसी कैडेट्स ने किया रक्तदान

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कल 29 जून 2025 को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय स्वशासी पी.जी. कॉलेज, छिंदवाड़ा के एनसीसी आर्मी विंग की 24 म.प्र. बटालियन के एनसीसी कैडेट्स ने खजरी संजीवनी अस्पताल के सहयोग एवं जिला चिकित्सालय, छिंदवाड़ा के स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में सक्रिय रूप से सहभागिता निभाई।



24 एमपी बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल थॉमस ओमेन के मार्गदर्शन में तथा स्नातकोत्तर महाविध्यालय छिन्दवाड़ा प्राचार्य डॉ. वाय. के. शर्मा के सहयोग एवं एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. शेखर ब्रम्हने के नेतृत्व में शासकीय स्वशासी महाविध्यालय छिंदवाड़ा के एनसीसी कैडेट्स द्वारा ग्राम खजरी, गाडरीढाना तथा जामुनझिर में व्यापक पैमाने पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर मधुसूदन पाल के मार्गदर्शन में अलग–अलग टोलियो में बट कर एनसीसी कैडेट्स में फैटी लिवर, सिकल सेल, एनीमिया तथा अन्य रक्त विकारों से जुड़े हुए समस्याओं से जूझ रहे ग्राम वासियों को उपचार हेतु चिकित्सालय पहुंचा कर उन्हें नि:शुल्क औषधियों का वितरण किया।

इस विशेष शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण जनों में थैलेसीमिया जैसे गंभीर रोगों एवं अत्यधिक शराब सेवन से होने वाले फैटी लिवर संबंधित समस्याओं के प्रति जागरूकता फैलाना एवं नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण करना था। इस शिविर में एनसीसी कैडेट्स ने न केवल डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मचारियों के साथ समन्वय स्थापित किया, बल्कि पंजीयन, मार्गदर्शन एवं जनजागरूकता फैलाने में भी उल्लेखनीय योगदान दिया।

शिविर में अनेक जांचे की गई जिसमें प्रमुख रूप से सीने का एक्स–रे, एन.ए.एफ.एल.डी. गैर.संचारी रोग की जांच, बीपी एवं ब्लड शुगर की जांच, थैलेसीमिया परीक्षण एवं परामर्श दिया गया। इसके अतिरिक्त ग्रामीणों को वर्तमान एवं आगामी सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की जानकारी भी प्रदान की गई। एनसीसी कैडेट्स ने स्वास्थ्य सेवाओं के महत्व को ग्रामीणों तक पहुंचाने का कार्य बखूबी निभाया।

इस आयोजन ने यह प्रमाणित किया कि एनसीसी कैडेट्स न केवल राष्ट्र सेवा के लिए तत्पर रहते हैं, बल्कि समाज की बेहतरी के लिए भी हर क्षेत्र में योगदान देने को सदैव तत्पर हैं। शिविर के सफ्ल आयोजन हेतु डॉक्टरों की टीम, एएनएम, सीएचओ, आशा कार्यकर्ताओं एवं खजरी स्टाफ के साथ–साथ एनसीसी कैडेट्स की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही।